>

Title : Need to set up FCI godowns for storage of foodgrains in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): भारत में फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एफ0सी0आई) का जहां भी क्रय केन्द्र है उसमें प्रायः गोदाम नहीं है जिससे किसान विवश होकर सरकारी मूल्य से काफी कम मूल्य पर अनाज बिचौलिये के हाथों बेच देते हैं। ऐसी ही स्थिति बिहार राज्य के जिलों की है, उदाहरणस्वरूप शिवहर, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी आदि जिलों में किसानों की मांग के अनुरूप एफ0सी.आई0 का क्रय केन्द्र नहीं है तथा जहां क्रय केन्द्र हैं भी तो वहां गोदाम नहीं है जिससे किसान अन्य केन्द्रों पर अनाज विक्रय हेतु काफी दूरी तय करके जाते हैं तथा क्रय केन्द्रों पर काफी दिनों तक इंतजार करने के उपरांत बेच पाते हैं या कम मूल्य पर बिचौलियों को दे देते हैं। क्या इसके लिए सरकार किसानों के हित में मांग के अनुसार क्रय केन्द्र खोलने के साथ-साथ गोदाम का निर्माण करना चाहेगी जिससे कि किसानों का शोषण बन्द हो सके तथा उनके अनाज का सही मूल्य मिल सके।